दिन– सोमवार | दिनांक– 16 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन नवाचार और अवसरों से भरपूर भविष्य का निर्माण करेगा।

02 स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा– पांच हजार से अधिक नर्सों की नियुक्ति पन्द्रह दिनों के भीतर की जायेगी।

03. राजद ने अलग–अलग विभागों में हुई नियुक्तियों से संबंधित श्वेतपत्र जारी करने की राज्य सरकार से की मांग।

04. और, बिहार बोर्ड की वार्षिक मैट्रिक परीक्षा कल से हो रही है शुरू। परीक्षार्थियों को आधा घंटा पहले तक ही केन्द्र में प्रवेश दिया जायेगा।

---

भारत एआई इम्पैक्ट सम्मेलन–2026 आज से नई दिल्ली में शुरू हो गया है। पांच दिन का यह सम्मेलन किसी विकासशील देश में आयोजित होने वाला पहला वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन है। यह सम्मेलन वैश्विक एआई कार्ययोजना में भारत की भूमिका को मजबूत करने का महत्वपूर्ण मंच है। यह भारत को वैश्विक एआई सहयोग में संयोजक और भागीदार के रूप में भी स्थापित करेगा, जो सार्वजनिक हित के लिए साझा मानकों, सहयोगी ढांचे और समाधानों का समर्थन करता है। इस दौरान एक ए. आई प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसमें भारत के कई एआई स्टार्टअप भाग ले रहे है। सम्मेलन में केन्द्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह और गिरिराज सिंह समेत राज्य के कई गणमान्य लोग भी शामिल हो रही है।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि एआई इम्पैक्ट समिट नवाचारी और अवसरों से भरपूर भविष्य का निर्माण करने में सहयोगी बनेगा। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर अपने संदेश में समिट में भाग ले रहे दुनियाभर के प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस सम्मेलन के नतीजें प्रगतिशील भविष्य का निर्माण करेंगे। उन्होंने कहा कि एआई आज स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, उद्यम सहित विभिन्न क्षेत्रों को बदल रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय की थीम के साथ आयोजित यह

सम्मेलन मानव केन्द्रित प्रगति के लिए एआई के इस्तेमाल करने की हमारी साझा प्रतिबद्धता को दर्शता है।

---

बिहार विधानमंडल का बजट सत्र जारी है। आज सदन की कार्यवाही के दौरान विपक्षी सदस्यों ने विभिन्न मुद्दों को लेकर हंगामा और शोर–शराबा किया। लोजपा रामविलास के सदस्यों ने स्वर्गीय रामविलास पासवान को लेकर राजद नेता द्वारा अशोभनीय टिप्पणी का मुद्दा उठाया। जिसे लेकर सदन में सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों के बीच नोंक–झोंक हुई। सदन में हंगामा जारी रहने के कारण विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने सभा की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पूर्व आज सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले विपक्षी सदस्यों ने विधानसभा के गेट पर जाति गणना के आधार पर पचासी प्रतिशत आरक्षण देने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

विधानसभा में भोजनावकाश के बाद स्वास्थ्य विभाग के बजट अनुदानों पर चर्चा के बाद इक्कीस हजार दो सौ सत्तर करोड़ रुपये से अधिक के बजट को पारित कर दिया। इससे पहले स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने चर्चा का जवाब देते हुए विभाग की उपलब्धियां बताई। श्री पांडेय ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य संरचना लगातार बेहतर हो रही है। उन्होंने कहा कि एनएचएम के तहत एएनएम, जीएनएम और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की बहाली की प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जायेगी।

———बाइट———

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि राज्य में एक करोड़ उनहत्तर लाख लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध करा दिए गए है। उन्होंने कहा कि जल्द ही शेष बचे लोगों के कार्ड बना दिये जायेंगे।

———बाइट———

हालांकि स्वास्थ्य मंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्षी विधायकों ने सदन से वॉकआउट किया।

उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि राज्य में कोई भी इथेनॉल फैक्ट्री बंद नही होगाी। विधानसभा में इस संबंध में पूछे गए प्रश्न का उत्तर देते हुए श्री जायसवाल ने कहा कि केन्द्र सरकार के साथ पर्याप्त मात्रा में इथेनॉल खरीद का समझौता हुआ है। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ी तो कोटा बढ़ाने के लिए भी मांग रखी जायेगी।

———बाइट———

---

उपमुख्यमंत्री सह गृहमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि राज्य सरकार सूखा नशा की तस्करी रोकने के लिए प्रभावी उपाय कर रही है। विधानसभा में इंडियन इन्क्लूसिव पार्टी के आईपी गुप्ता के प्रश्न का जवाब देते हुए श्री चौधरी ने कहा कि सीमा पर सख्ती बरती जा रही है और किसी भी हालत में नई पीढ़ी को नशे से दूर रखा जायेगा।

———बाइट———

---

सूचना और जन संपर्क विभाग के मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि राज्य में पत्रकारों के लिए पेंशन योजना लागू है। उन्होंने भाकपा—माले के अजय कुमार के प्रश्न का जवाब देते हुए कहा पूरे देश में यह सबसे बेहतर व्यवस्था है। श्री चौधरी ने बताया कि पत्रकार पेंशन योजना का लाभ लेने के लिए बीस वर्षों की सेवा अवधि की शर्त लागू है।

———बाइट————

---

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि मुजफ्फरपुर के पताही में एयरपोर्ट के रनवे और अन्य संरचनात्मक निर्माण के लिए तैंतालीस करोड़ रुपये से अधिक का टेंडर जारी कर दिया गया है। श्री चौधरी ने बताया कि मुजफ्फरपुर हवाई अड्डा शुरू होने से उत्तर बिहार की कनेक्टिविटी बेहतर होगी और पर्यटन तथा स्थानीय व्यापार को बढ़ावा

मिलेगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही यहां से यात्री विमान का परिचालन शुरू होने से पटना और दरभंगा एयरपोर्ट पर यात्री दबाव कम होगा।

---

विधान परिषद में आज भूमि सुधार खान एवं भूतत्व, नगर विकास एवं आवास, कला संस्कृति, खेल और पिछड़ा वर्ग विभाग से जुड़े बजट पर चर्चा की गई। इस दौरान राजद पार्षद अजय कुमार सिंह ने शहरी क्षेत्रों में जल निकासी व्यवस्था को दुरूस्त बनाने के लिए शहरी नगर निकायों को वित्तीय सहायता दिये जाने की मांग की। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने विभिन्न विभागों से जुड़े प्रश्नो का जवाब दिया। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि राज्य में खुले में मांस की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया जायेगा।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत पच्चीस लाख महिलाओं के बैंक खाते में दस–दस हजार रूपये की राशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित की। पटना में आयोजित समारोह में श्री कुमार ने कुल दो हजार पांच सौ करोड़ रूपये की राशि लाभुकों के बैंक खातों में भेजी। योजना के तहत अबतक एक करोड़ इक्यासी लाख से अधिक महिलाओं के खाते में दस–दस हजार रुपये की राशि भेजी जा चुकी है। कार्यक्रम के बाद महिला रोजगार के लिए सरकार द्वारा उठाये जा रहे कदमों पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए परिवहन और ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा जिन लाभार्थी महिलाओं ने रोजगार शुरू किया है उनका समीक्षा कर अतिरिक्त दो–दो लाख रुपये तक की सहायता राशि दी जायेगी।

———बाइट———

---

राजद ने सरकार से राज्य में उपलब्ध कराई गई नौकरी की संख्या और रोजगार के अवसर को लेकर श्वेतपत्र जारी करने की मांग की है। राजद प्रवक्ता चितरंजन गगन ने कहा कि बजट सत्र के दौरान एनडीए सरकार ने दो हजार बीस से दो हजार पच्चीस के बीच पचास लाख युवाओं को नौकरी और रोजगार दिये जाने का दावा किया

है। श्री गगन ने सरकार से अपने दावे के समर्थन में अलग–अलग विभागों में हुई नियुक्तियों से संबंधित विस्तृत विवरण जारी करने की मांग की है।

---

राजस्थान के भिवाड़ी में एक फैक्ट्री में आग लगने की घटना में पूर्वी चंपारण जिले के पांच मजदूरों की मौत हो गई। इस घटना में कई लोग घायल हो गये हैं। हमारे संवाददाता ने बताया है कि मृतकों में दो की पहचान मोतिहारी के नारायणपुर शिकारगंज के सुजान कुमार और कवैया घोड़ासहन के रहने वाले मिंटू पासवान के रूप में की गई है। इधर, जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया है कि सभी मृतक मजदूरों की पहचान कर ली गई है और उनके परिजनों से संपर्क किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि घायलों और पीड़ित परिवारों की मदद के लिए भिवाड़ी प्रशासन से लगातार संपर्क बनाये रखा गया है।

---

मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने कहा है कि बिहार अपनी आर्थिक और ढांचागत व्यवस्था को प्रमुख क्षेत्रों में तेजी से विकसित कर रहा है। पटना में एशियाई विकास बैंक के प्रतिनिधियों के साथ बैठक को संबोधित करते हुए श्री अमृत ने कहा कि एडीबी के साथ साझेदारी राज्य के लिए लाभकारी होगी। बैठक में वित्त, शिक्षा, कृषि, उद्योग, पर्यटन, युवा रोजगार एवं कौशल विभाग समेत विभिन्न विभागों के सचिव शामिल हुए।

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की मैट्रिक वार्षिक परीक्षा कल से शुरू हो रही है। बोर्ड के अनुसार एक हजार छह सौ से अधिक केंद्रों पर पंद्रह लाख से अधिक विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा के लिये प्रत्येक जिले में चार मॉडल पिंक केंद्र बनाये गये हैं। इन केंद्रों पर महिला कर्मियों की प्रतिनियुक्ति के साथ छात्राएं ही परीक्षा में शामिल होंगी। परीक्षा का आयोजन दो पालियों में किया जायेगा। पहली पाली की परीक्षा साढ़े नौ बजे शुरू होगी। जबकि दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर दो बजे शुरू होगी। बोर्ड ने कहा है कि परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा शुरू होने से आधा घंटा पहले तक ही प्रवेश दिया जायेगा। गेट बंद होने के बाद प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। साथ ही

परीक्षार्थियों के जूता–मोजा पहनकर केन्द्र में प्रवेश पर रोक रहेगी। इधर, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई की दसवीं और बारहवीं की परीक्षा भी कल से शुरू हो रही है।

---

पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है। नामांकन का कार्य अठारह फरवरी तक चलेगा। इसके लिए विश्वविद्यालय में कुल अठारह काउंटर बनाए गये हैं। उन्नीस फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी और इक्कीस फरवरी को उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी होगी। मतदान अट्ठाईस फरवरी को कराया जायेगा।

---

शेखपुरा के पोक्सो अदालत ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म मामले में दोषी सारिका गांव निवासी ब्रजेश कुमार को उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही तीस हजार रूपये का अर्थदंड लगाया है।

---

पश्चिम चंपारण जिले के नौतन थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक साइबर अपराधी को गिरफ्तार कर लिय

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन नवाचार और अवसरों से भरपूर भविष्य का निर्माण करेगा।

02 स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा– पांच हजार से अधिक नर्सों की नियुक्ति पन्द्रह दिनों के भीतर की जायेगी।

03. राजद ने अलग–अलग विभागों में हुई नियुक्तियों से संबंधित श्वेतपत्र जारी करने की राज्य सरकार से की मांग।

04. और, बिहार बोर्ड की वार्षिक मैट्रिक परीक्षा कल से हो रही है शुरू। परीक्षार्थियों को आधा घंटा पहले तक ही केन्द्र में प्रवेश दिया जायेगा।

---

समाप्त